आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 02.12.2024 समय: 2.10 PM

केंद्र स्वास्थ्य सुविधाएं

केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र को सस्ता और सुलभ बना रही है। आज नई दिल्ली में उन्होंने मीडिया को बताया कि देश में वर्ष 2014 में 387 मेडिकल कॉलेज थे, लेकिन एक दशक में इनकी संख्या दोगुनी होकर 780 हो गई है।

प्रधानमंत्री-सुरक्षा सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डिजिटल धोखाधड़ी, साइबर अपराध और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रौद्योगिकी, विशेषकर डीप फेक से उत्पन्न खतरों पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। भुवनेश्वर में कल 59वें अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशक और महानिरीक्षक सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने पुलिस पर कार्य भार कम करने के लिए नई प्रौद्योगिकियों के उपयोग पर बल दिया। उन्होंने पुलिस थानों को संसाधन आवंटन का केंद्र बिंदु बनाने का सुझाव दिया। शहरी पुलिस प्रबंधन में प्रभावी कदमों की सराहना करते हुए श्री मोदी ने सुझाव दिया कि प्रत्येक पहल देश के सौ शहरों में समन्वित रूप से लागू की जाये। उन्होंने स्मार्ट पुलिसिंग के मंत्र पर जोर दिया । तीन दिन के इस सम्मेलन में पुलिस महानिदेशक और महानिरीक्षक रैंक के लगभग दो सौ पचास अधिकारियों ने भाग लिया।

प्लास्टिक प्रदूषण संधि

प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने की संधि को अंतिम रूप देने के लिए दक्षिण कोरिया के बुसान में हुआ वैश्विक सम्मेलन कल बेनतीजा समाप्त हो गया। यह अंतर-सरकारी वार्ता समिति की पांचवीं बैठक थी, जो 2022 से प्लास्टिक प्रदूषण पर कानूनी रूप से रोक लगाने का समझौता तय करने पर काम कर रही है। सप्ताह भर चली वार्ता में लगभग 200 देश शामिल हुए, जहां प्लास्टिक उत्पादन और हानिकारक रसायनों पर नियंत्रण की मांग करने वाले देशों और केवल प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करने वाले देशों के बीच गहरे मतभेद दिखे।

महाकुंभ क्षेत्र नया जिला

उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रयागराज में महाकुंभ क्षेत्र को नया जिला घोषित किया है। यह निर्णय कुंभ मेले के प्रबंधन और प्रशासन को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से लिया गया है। प्रत्येक 12 वर्ष पर लगने वाला महाकुंभ अगले वर्ष 13 जनवरी से शुरू होगा और 26 फरवरी को संपन्न होगा।

यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस

यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस- यूपीआई से इस वर्ष अक्तूबर में 16 अरब 58 करोड़ वित्तीय लेनदेन हुआ है। केवल एक महीने में यूपीआई से इस लेनदेन में लगभग 23 लाख 49 हजार करोड़ रूपये का भुगतान किया गया। पिछले वर्ष अक्तूबर की तुलना में यह 45 प्रतिशत अधिक है। यूपीआई को 2016 में नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा लांच किया गया था।

इंदौर रोजगार मेला

इंदौर जिले के बेरोजगार युवकों के लिए युवा संगम कार्यक्रम के अन्तर्गत रोजगार एवं स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप के अवसर एक ही छत के निचे देने के उदेश्य से एक आज एक दिवसीय रोजगार मेले- युवा संगम का आयोजन किया गया है।

पर्यटन ग्राम चिमटीपुर

छिंदवाड़ा में मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा विकसित किए जा रहे पर्यटन ग्राम चिमटीपुर में तीन होम स्टे का लोकार्पण कलेक्टर शीलेंद्र सिंह ने किया। उन्होंने यहाँ बिजली, पानी और सड़क की सुविधाएं और बेहतर करने के निर्देश दिए। टूरिज्म बोर्ड ने चिमटीपुर में पांच होम स्टे बनवाए हैं, इनमें से तीन का लोकार्पण कल हुआ । चिमटीपुर में पर्यटकों को भोजन दोने-पत्तल में परोसा जाएगा। चिमटीपुर पर्यटन विकास समिति ने पर्यटकों के लिए बहुत ही किफायती टूर पैकेज बनाया है।

समाचार संक्षेप में...

1. नर्मदापुरम जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी आज से शुरू हो गई। जिले भर के 50 खरीदी केंद्रों पर धान की खरीदी होगी। पहले दिन की 164 स्लॉट बुक किए गए हैं। खरीदी के दौरान कोई समस्याएं न आए। इसके लिए अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है।

2. शिवपुरी जिले में 14 दिसम्बर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस नेशनल लोक अदालत में विद्युत प्रकरणों के निराकरण में नियमानुसार छूट प्रदान की जाएगी।

3. जबलपुर में कल शाम तिलवारा के पास स्थित दयोदय गौशाला में निर्माण के दौरान अचानक दीवार गिरने से चार मजदूर बुरी तरह जख़्मी हो गए। इलाज के दौरान मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती मजदूरों में से दो की मृत्यु हो गई।

4. उज्जैन में हुई संभागीय पुरूष बास्केटबॉल प्रतियोगिता में आगरमालवा की टीम ने नीमच व उज्जैन को हराकर 13 दिसम्बर को इन्दौर में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय बास्केटबॉल स्पर्धा के लिये क्वालीफाई किया।

5. सिंगरौली जिले देवसर में SDM अखिलेश सिंह के पुत्र और भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी हर्षवर्धन सिंह का कर्नाटक के हासन के पास सड़क दुर्घटना में निधन हो गया।